भ्रष्टाचार | स्वच्छता के नाम पर कागजी घोड़े, अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत

कीचड़ और गंदगी से बेहाल है ग्रामीण

नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईखेड़ा। एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से यह अभियान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। ताजा मामला जनपद पंचायत साईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिरसिरी मुआर का है, जहाँ के ग्राम संदूक में हालात बद से बदतर हो चुके हैं।

स्वच्छता के नाम पर फर्जी बिलिंग का खेल

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में स्वच्छता और साफ-सफाई के नाम पर फर्जी बिल लगाकर सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। कागजों में गाँव चकाचक दिखाया जा रहा है, लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई के नाम पर निकाली गई राशि कहाँ खर्च हुई, यह जांच का विषय है, क्योंकि धरातल पर महीनों से कोई सफाई कार्य नहीं हुआ है।

नर्क बनी सड़कें, पैदल चलना भी हुआ दूभर

ग्राम संदूक की गलियों में कदम रखते ही अव्यवस्थाओं का अंबार दिखाई देता है। सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ जमा है और नालियों का गंदा पानी रास्तों पर बह रहा है। बारिश न होने पर भी नालियां चोक होने के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है। रास्तों पर फैले मलबे और गंदगी ने राहगीरों का निकलना मुश्किल कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है, जो आए दिन इन रास्तों पर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

बीमारियों का घर बनता गाँव

जगह-जगह जमा कीचड़ और नालियों के गंदे पानी से उठती बदबू ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। भीषण गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे गाँव में मलेरिया, डेंगू और त्वचा रोगों जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद पंचायत प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

गाँव की दुर्दशा से आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों और स्वच्छता मद में किए गए खर्च की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़कों से मलबा नहीं हटाया गया और नालियों की सफाई नहीं हुई, तो वे जनपद मुख्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

इनका कहना है

गाँव में सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। सड़कों पर कीचड़ और मलबा फैला है, जिससे निकलना मुश्किल है। हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

आशीष शर्मा
निवासी, ग्राम संदूक

मंदिर के पास फैली गंदगी और टूटी पुलिया ने भक्त परेशान

गोटेगांव। नगर के न्यू बस स्टैंड के आगे स्थित हरदौल वार्ड में नवीन जैन मंदिर के समीप अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। यहाँ धर्म स्थल के पास पक्की नालियों का निर्माण न होने के कारण कच्ची नालियों से गंदा पानी रिस रहा है, जिससे मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि निर्माण के समय कच्ची नालियों को पक्का करना नजरअंदाज कर दिया गया, जिसके चलते यहाँ हर समय गंदगी और दुर्गंध बनी रहती है। हैरानी की बात यह है कि कांक्रीट सड़क निर्माण के दौरान यहाँ जो पुलिया डाली गई थी, वह भी समय से पहले टूट चुकी है। सड़क और पुलिया की यह हालत निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। नालियों में पानी जमा रहने और निकासी न होने की वजह से मच्छरों का प्रकोप बड़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बड़ रहा है। मंदिर में

दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर शासन और प्रशासन इस बदहाली से अनभिज्ञ क्यों बना हुआ है। स्थानीय वार्ड वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि धर्म स्थल की मर्यादा और जनहित को ध्यान में रखते हुए इन कच्ची नालियों को तत्काल पक्का किया जाए। साथ ही, टूटी हुई पुलिया का पुनर्निर्माण कराकर जल निकासी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध, विहिप और बजरंग दल ने फूंका बांग्लादेश का पुतला

नवभारत/ गोटेगांव। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल नगर गोटेगांव द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे निरंतर अत्याचारों के विरोध में फुआरा चौक पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश का पुतला दहन किया और अपना कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष अमित कुमार नामदेव, जिला गौ रक्षा प्रमुख संदीप जी और जिला सह मंत्री गोपीराजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगठन के वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हिंदू समाज एकजुट होकर इसका विरोध करेगा। प्रदर्शन में ब?ी संख्या में स्थानीय हिंदू जन और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष खुमान सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अंकुर पाठक, सत्यम पटेल, सह मंत्री बृजेश पटेल, राजा पटेल, प्रियांश नामदेव, राजा सोनी, नंदकिशोर दुबे, जितेंद्र यादव, अंकित नामदेव, लोकेश दुबे, मयंक जैन, महेंद्र सोनी सहित समस्त हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए चेतावनी दी कि यदि अत्याचार नहीं रुके तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा

सड़क सोल्डर में नहीं किया जा रहा सुधार, आये दिन घटित हो रही घटनाएं

नवभारत/ गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि सड़को पर बड़ रहे यातायात के चलते आये दिन दुघर्टनाएं घटित होना आम बात है, और यदि सड़को में गड़बडी हो तो निश्चित तौर से घटनाओं में इजाफा होना आम बात मानी जाती है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय गाडरवारा कौड़िया मार्ग पर देखने मिल रही है, जहां पर वाहनों का आवागमन निरंतर बना रहता है इस सड़क मार्ग के दोनों तरफ के सोल्डर जमीन से ऊंचे हो गये है एवं सोल्डर के बाजू में बड़े बड़े पत्थर पड़े रहते है साथ ही गड्ढे भी बन गऐ है, सड़क सोल्डर परेशानी का सबब बन गए है। वाहन क्रासिंग के समय इन सोल्डरों के कारण वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं छोटे वाहन चालक साइड देने के चक्कर में अपने वाहन सड़क से नीचे उतार लेते है जब वह सड़क पर अपने वाहन चड़ाते है तो सोल्डर और गड्ढो के कारण उन्हे दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है, पौड़ार तिरहा से लेकर गाडरवारा तक सड़क के दोनों ओर बड़ी बेकार स्थिति बनी हुई है जिसके कारण आये दिन सोल्डरो से कोई न कोई दुर्घटना होती है, सड़क निर्माण के साथ सोल्डर के बाजू की सतह सड़क से मिलायी जाती है जिससे की वाहन आसानी से सड़क से नीचे उतर कर पुन: सड़क पर आसानी से पहुंच सके। लेकिन इस मार्ग पर सोल्डरो को बाजू की सतह से नहीं मिलाया गया है।

नन्हे खिलाड़ियों ने बेल्ट परीक्षा में दिखाई फुर्ती, तकनीक और कौशल का संगम

▸ आत्मरक्षा के गुरों में पारंगत हुए युवा, ताइक्वांडो बैल्ट परीक्षा आयोजित

नवभारत/ गोटेगांव। में विगत दिवस ताइक्वांडो खिलाड़ियों की बैल्ट परीक्षा का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ नरसिंहपुर के अध्यक्ष एवं मणि नागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल तथा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर छिरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसके बाद उत्तीर्ण प्रतिभागियों को बैल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। परीक्षा के दौरान

खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रकार की किक्स, हैंड एवं लेग तकनीक, पूमसे और फाइट का शानदार प्रदर्शन किया। बैल्ट परीक्षा में सफल होने वाले खिलाड़ियों में यलो बैल्ट श्रेणी में अहाना श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा, आर्या पटेल, काव्या पटेल, तनिष्का राकेशिया, कीर्ति चौधरी, शशांक कतिया, अदिति मिश्रा, अनुष्का कतिया, अश्विनी सोनी, विहान श्रीवास्तव और स्वस्ति सोनी शामिल रहीं। ग्रीन बैल्ट में रूद्रप्रताप सिंह राजपूत, आरव चौकसे, भभ्यांशी चौधरी, आवेश पटेल और करिश्मा जाटव ने सफलता पाई। ग्रीन वन बैल्ट विवान सेन, स्वास्तिक राय और करिश्मा जाटव को मिला। वहीं ब्लू बैल्ट पूर्वा विश्वकर्मा, प्रिंस पटेल और रेड बैल्ट अयांश राय व आयशा सिद्दीका ने हासिल की। अदिति पटेल रेड वन बैल्ट में उत्तीर्ण रहीं। इस आयोजन के दौरान राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ियों और सीनियर ब्लैक बैल्ट खिलाड़ियों ने नवीन खिलाड़ियों को एडवांस तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण देने वालों में साक्षी राकेशिया, अंकित नामदेव, हरिओमशरण यादव और प्रशांतराज प्रमुख रहे। पूरी परीक्षा मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश कुमार राकेशिया (ब्लैक बैल्ट सेकेण्ड डान, राष्ट्रीय रैफरी) के निर्देशन में संपन्न हुई, जबकि मोहम्मद सुहेल खां ने एग्जामनर की भूमिका निभाई। सभी सफल खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

सांगई में एफएलएन मेला आयोजित

नवभारत/ गाडरवारा। गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों के लिए एफएलएन मेले के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। प्रधानपाठक दशरथ जाटव के मार्गदर्शन एवं प्राथमिक शिक्षक देवेंद्र ठाकुर एवं किरणलता ठाकुर के निर्देशन में आयोजित इस मेला मे विभिन्न स्टालों के अंतर्गत पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना इत्यादि के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों यथा संतुलन, हाथ के कार्य, निशाना लगाना, चित्र वाचन, पड़ना, गिनना, अंक पहचान, बढ़ते क्रम में, जोड़ घटाव, हाथों का समन्वय, सामाजिक व भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बच्चों की गतिविधियां कराई गईं ।

एक नजर में

करेली द्वारा आयोजित यादे गुलाम कार्यक्रम

नवभारत/ करेली। विगत दिवस जिले की उल्लेखनीय साहित्य के लिए समर्मित साखी साहित्य परिषद करेली द्वारा आयोजित यादे गुलाम कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरस्वती पूजन व शायर गुलाम मोहम्मद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से कार्यक्रम शुरुआत हुई। अतिथि स्वागत के बाद मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने गुलाम मोहम्मद साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आम आदमी का शायर निरूपित किया। अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह पटेल ने गुलाम साहब के पारिवारिक भाव को अभिव्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष पंडित ताराचन्द्र पाराशर ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। काव्य पाठ के अंतर्गत आलोक शुक्ला इटारसी ने मुक्तक सुनाए।

आज नगर में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। एक जनवरी नव वर्ष की स्वागत बेला में नगर में विविध धार्मिक आयोजन किए जायेंगे। जिसमें श्री राम रसिया भक्त मंडल द्वारा विगत वर्षों से चली आ रही परम्परा को आगे बढ़ाते हुए नगर की सुख समृद्धि की कामना किसी भी प्रकार की कोई व्याधि वाधा ना आये को लेकर दादा दरबार श्री हनुमान मंदिर में 108 सुंदरकांड पाठ रात्रि में हवन पूजन के साथ संगीतमय चालीसा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा ।नगर के हरसिद्धि मंदिर परिसर में दोपहर में संगीतमय कार्यक्रम के साथ प्रसादी वितरण होगा। रात्रि में संगीतमय महाआरती का आयोजन किया जाएगा ।इसी परिसर में पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में 51 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया जाएगा। नूतन वर्ष अभिनंदन की स्वागत बेला में जहां एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला जारी रहेगा वहीं आनंद लुप्त उठाने लोग धार्मिक स्थलों रमणीक स्थल तथा नर्मदा तटों पर पिकनिक पार्टी मनाने के लिए जायेंगे। पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

प्रदीप कुशवाहा का स्वर्गवास

नवभारत/ गोटेगांव।समीप ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा के प्रतिष्ठित ग्रामवासी अज्जू नीलेश कुशवाहा नीलू के परमपूज्य पिताश्री प्रदीप कुशवाहा रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी का अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया,आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे,आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों सहित संपूर्ण ग्राम में गहरा शोक व्याप्त हो गया,अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनो ने श्री प्रदीप कुशवाहा की दिवंगतआत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

30 जनवरी को किसान मजदूर आंदोलन की तैयारियां

नवभारत/तेंदूखेड़ा। किसान एवं मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ नरसिंहपुर द्वारा ग्राम-ग्राम बैठकों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में ग्राम इकाई पीपरपानी में भगवान बलराम एवं हनुमान जी महाराज के पूजन-अर्चन के उपरांत बैठक का शुभारंभ किया गया।। जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर साथी उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बैठकें आगामी 30 जनवरी 2026 को प्रस्तावित विशाल आंदोलन धरना-प्रदर्शन की तैयारी के तहत आयोजित की जा रही हैं। जिसके चलते पीपरपानी एवं महुआखेड़ा ग्राम इकाइयों की बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। बैठकों में किसानों की गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आंदोलन के प्रमुख मुद्दों को सर्वसम्मति से रखा गया।

पीएमश्री कन्या नवीन में सत्यनारायण दुबे को दी विदाई

नवभारत/गाडरवारा। गत दिवस स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्यालय में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक सत्यनारायण दुबे के शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र का पूजन कर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं की सरस्वती वंदना एवं नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्राचार्य लेखा कौरव, चंद्रकांत साहू, आर एन उपाध्याय सहित शिक्षकों द्वारा पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ से किया गया। कार्यक्रम में दुबे को उपस्थित जनों ने शाल, श्रीफल, विदाभिनंदन पत्र एवं उपहार भेंटकर विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि दुबे ने अपने कर्तव्य का पालन पूर्ण ईमानदारी से किया। उनका स्वभाव सहज एवं सरल है ।कार्यक्रम में सेवानिवृत प्राचार्य अनूप शर्मा एवं आरती पाठक ने भी दुबे के व्यक्तित्व की प्रशंसा की। इस दौरान सुनीता पटैल, एस के मिश्रा, सुशील शर्मा, लेखा कौरव एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि सहावन एवं इस विद्यालय में दुबे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने में हमेशा सक्रिय रहे।

निषादराज जयंती को लेकर सामाजिक बैठक

नवभारत/ गोटेगांव। नगर में निषादराज समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें समाज की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन के संस्थापक गोविंद कहार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में वार्ड और मोहल्ला स्तर पर बैठकों का क्रम जारी है। इसी कड़ी में विगत दिवस कामथ वार्ड जमुनिया रोड पर पंकज नोरिया और हल्कै नोरिया के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता हल्कई कहार द्वारा की गई, जिसमें वार्ड स्तर के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु आगामी निषादराज जयंती को भव्य रूप प्रदान करना रहा। इस दौरान उपस्थित सामाजिक जनों ने प्रस्ताव रखा कि संगठन के विस्तार के लिए ग्राम समितियों के गठन का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए, ताकि जयंती के अवसर पर विशाल

जनसमूह के साथ कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके। सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि आगामी जनवरी माह में होने वाली मासिक बैठक में युवा कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके लिए युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम के अंत में मीडिया प्रभारी रवि रैकवार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर निषाद समाज के अध्यक्ष चिरोंजी लाल कहार, सुनील कहार, राजेश कहार, हीरालाल रैकवार, मानसिंह कहार, बेनी रैकवार, चंद्रशेखर कहार, भानू कहार, इंदल सिंह बर्मन, संतोष बर्मन, प्रकाश रैकवार, इमरत कहार, जसवंत कहार, राजू रैकवार, राधे बर्मन, केदार बर्मन, यश कहार, सागर कहार, बाबूलाल रैकवार, सुनील बर्मन, भूरेलाल बर्मन और दास गुरु बर्मन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वीतरागिता ही सच्चा धर्म, मोह-माया के जाल से बचें : समय सागर

नवभारत/ गोटेगांव। जैन धर्म के सर्वोच्च संत आचार्य समय सागर महाराज के मंगल प्रवचन के दौरान धर्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर सार्थक चर्चा हुई। आचार्यश्री ने कहा कि सांसारिक प्राणी को अब तक जो अच्छा लगा है वह वास्तव में अधर्म है और जो अच्छा नहीं लगा, वही सच्चा धर्म है। उन्होंने समझाया कि हमें राग अच्छा लगता है और हम वैराग्य से डरते हैं, यही डर हमारे संसार भ्रमण का मुख्य कारण बना हुआ है। आचार्यश्री ने वीतरागिता को धर्म और राग को अधर्म बताते हुए कहा कि जब तक मनुष्य मोह-माया के मकड़जाल में फंसा रहेगा, तब तक आत्म-कल्याण संभव नहीं है। शहरों की भागदौड़ पर प्रहार करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि आज इंसान रोजगार की अंधी दौड़ में महानगरों की ओर भाग रहा है और फिर समय की कमी का बहाना बनाकर धर्म से विमुख हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि यदि शहर की व्यस्तता धर्म में बाधक है, तो बेहतर है कि इंसान अपने गांव-देहात वापस लौट आए क्योंकि धार्मिक संस्कारों के लिए सात्विक वातावरण गांव में ही सुलभ है। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने भी अपना अधिकांश समय देहात और सिद्ध क्षेत्रों में इसीलिए बिताया क्योंकि वहां राग की अधिकता नहीं होती।

भगवान से नाता जोड़ना चाहिए

आचार्यश्री ने प्रेरक सूत्र देते हुए कहा कि न जुड़ो न जोड़ो, जोड़ो तो बेजोड़ जोड़ो, जिसका अर्थ है कि नश्वर वस्तुओं से नाता तोड़कर उस बेजोड़ सत्ता यानी पंच परमेष्ठी और तीर्थंकर भगवान से नाता जोड़ना चाहिए। आयोजन के दौरान जीतो इंटरनेशनल के माध्यम से समाज सेवा के संकल्प भी दोहराए गए। प्रवचन से पूर्व चौधरी राजेश कुमार, सुबोध कुमार, विभाष जैन और मोहित जैन परिवार ने आचार्यश्री के पद प्रक्षालन का पुण्य लाभ लिया। जीतो के पूर्व अध्यक्ष चौधरी सुबोध जैन ने बताया कि संस्था शैक्षिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और अब तक जैन समाज के विद्यार्थियों को 55 करोड़ रुपये की मदद दी जा चुकी है।

सखियों का 2025 अलविदा कार्यक्रम आयोजित

नवभारत/ करेली। विगत दिवस 31 अक्टूबर को अग्रवाल समाज महिला इकाई ने उल्लास के साथ आने वाले नव वर्ष का स्वागत किया। मीना अग्रवाल के संरक्षण में कार्यक्रम का शुभारंभ माता महालक्ष्मी जी की आराधना और महाराजा अग्रसेन जी के पूजन के साथ अग्रवाल सभागार में हुआ। महिला मंडल अध्यक्ष रचना अग्रवाल ने बताया कि हर साल कैलेंडर बदलता रहता है लेकिन हम एक नई सोच एक नई उमंग के साथ आगे बढ़ते रहते हैं और हमारी नव वर्ष के आगमन की टिफिन पार्टी में हमारी सखियों में यही एनर्जी दिखाई दी। कार्यक्रम में प्रश्न मंच हाऊ जी गेम कलर मैच दौड़ बैलेन्स बनाओ जेसी प्रतियोगिता भी हुई जिसमें सभी सखियों ने भाग लिया। श्रीराम जी के जयकारों के साथ सभी सखियों ने एक दूसरे को नूतन बर्ष की शुभकामनाएं देकर ईश्वर का आह्वान किया। प्रभु सब पर अपना आशीर्वाद बनाय रखे इसी कामना के साथ आने वाले नए साल 2026 का स्वागत किया।